# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 10.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, परफेक्ट मिशन, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 10.09.2024

### चितरंजन पार्क में दिखे हरियाली

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने दशाश्वमेध प्लाजा को लेकर सोमवार को कमिश्नरी सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि दशाश्वमेध प्लाजा स्थल पर लगी लाइट समेत अन्य उपकरण के बिजली बिल आवंटियों से लिए जाएं। साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था डीएडीएफ फंड से कराएं। चितरंजन पार्क में संबंधित अनुभाग से अनुमति प्राप्त कर आम जनमानस के लिए विश्वस्तरीय सुविधा वाला शौचालय डीएडीएफ फंड से बनाया जाए। पार्क के शेष हिस्से पर हरियाली की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। टाप फ्लोर पर प्रस्तावित रेस्टोरेंट की अनुमानित मूल्य 42 लाख रुपये है जो व्यावहारिक नहीं है। फिर से परीक्षण कर आवंटन प्रक्रिया की जाए। शेष 30 दुकानों की आवंटन प्रक्रिया फिर से कराई जाए। बैठक में विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, संपत्ति अधिकारी राजीव कुमार जायसवाल समेत संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## दैनिक जागरण–दि0 10.09.2024

### वीडीए ने ध्वस्त की अवैध बाउंड्री

जागरण संवाददाता, वाराणसी : अवैध तरीके से निर्माण और जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ सोमवार को कार्रवाई की गई। शिवपुर वार्ड के अवर अभियंता अतुल मिश्रा ने बताया कि खुशहाल नगर सेक्टर-ए लालपुर में पनारू पटेल दो बीघा में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहे थे। दूसरे स्थान पर भी चार बीघा में जमीन की प्लाटिंग की जा रही थी। यहां प्लाटिंग करने वाले के बारे में जानकारी की जा रही है। कुल छह बीघा में प्लाटिंग कर बनाई गई बाउंड्री को बुलडोजर से तोड़ दिया गया।

## दैनिक जागरण–दि0 10.09.2024

### संत रविदास पार्क में प्रस्तावित है सिंथेटिक ट्रैक पाथवे

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नगवां स्थित संत रविदास पार्क के सुंदरीकरण को लेकर सोमवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने वीडीए सभागार में बैठक की। संत रविदास पार्क में रविदास जी के जीवन व कार्यों पर आधारित थीम पर होने वाले कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि पार्क में सिंथेटिक ट्रैक युक्त पाथवे का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन विभाग के सहयोग से यूपीपीसीएल को काम कराना है। बैठक में यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण कुमार शर्मा, वीडीए के अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविंद्र शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा आदि मौजूद थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


अमर उजाला–दि0 10.09.2024

## दशाश्वमेध प्लाजा की बिजली का बिल भरेंगे आवंटी

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने सोमवार को दशाश्वमेध प्लाजा से जुड़े प्रकरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्लाजा के सार्वजनिक स्थल पर लगी स्ट्रीट लाइटों व अन्य उपकरण के लिए खर्च होने वाली बिजली का बिल संबंधित आवंटियों से लिया जाए। साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था डीएडीएफ के फंड से की जाए। चितरंजन पार्क में टायलेट बनाया जाए। चितरंजन पार्क के बचे हिस्से पर पर्याप्त पौधरोपण कराया जाएगा। डीएडीएफ के टॉप फ्लोर पर प्रस्तावित रेस्टोरेंट की अनुमानित मूल्य 42 लाख को पुनः परीक्षण करके व्यवहारिक मूल्य पर आवंटन किया जाए। यहां की बची 30 दुकान जो अब तक आवंटित नहीं हो सकी हैं उनके मूल्यों का पुनः परीक्षण कर लिया जाए और कम मूल्य पर नीलामी की कार्रवाई की जाए। बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल आदि शामिल रहे। ब्यूरो

अमर उजाला–दि0 10.09.2024

## सुंदरीकरण कार्य के दौरान बंद न करें रविदास पार्क

**वाराणसी।** संत रविदास पार्क नगवां के सुंदरीकरण की समीक्षा सोमवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने की। यह कार्य पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल की ओर से कराया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि कार्य जारी रहने के बाद पार्क को बंद नहीं करने के लिए सचेत किया। ब्यूरो

हिन्दुस्तान–दि0 10.09.2024

## खुशहाल नगर में 6 बीघा में प्लॉटिंग ध्वस्त हुई

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन ने सोमवार को शिवपुर वार्ड के खुशहाल नगर में छह बीघा में अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। मीरापुर बसहीं क्षेत्र में इस कॉलोनी में एक व्यक्ति की ओर से दो बीघा और अन्य द्वारा चार बीघा में अवैध प्लॉटिंग विकसित कराई जा रही थी। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, जेई अतुल मिश्रा मौजूद रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 10.09.2024

### संत रविदास पार्क में बढ़ेंगी सुविधाएं

वाराणसी। वीडीए मुख्यालय में सोमवार को संत गुरु रविदास पार्क में प्रस्तावित निर्माण के संबंध में बैठक हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों कार्यों की जानकारी ली। मानकों के अनुसार काम करने का निर्देश दिया। पार्क में सिंथेटिक पाथ-वे बिछाया जाएगा। यह कार्य संत रविदास की जीवनी, कार्यों और विचारों पर आधारित थीम कराए जाएंगे।

पर्यटन विभाग से वित्त पोषित इस प्रोजेक्ट में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बच्चों के लिए झूले, प्ले ग्रुप, डिजाइनर लाइटें लगनी हैं। काम के दौरान आमलोगों के प्रवेश पर रोक नहीं होगी। बैठक में यूपीपीसीएल के मैनेजर पीके शर्मा, वीडीए के एसई आनंद मिश्रा, एक्सईएन अरविन्द शर्मा, एई शिवाजी मिश्रा रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 10.09.2024

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा संत रविदास पार्क

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण सभागार में सोमवार को उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने नगवां स्थित संत गुरुरविदास पार्क को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रस्तावित कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक की। उपाध्यक्ष ने परियोजना के लिए प्रस्तावित कार्यों को संत शिरोमणि रविदास जी के जीवनी एवं कार्यों पर आधारित थीम पर कराये जाने के लिए निर्देशित किया। रविदास पार्क में सिंथेटिक ट्रैक्स युक्त पाथ वे का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, संदर्भित परियोजना कार्य प्रर्यटन विभाग के वित्त पोषण से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल की तरफ से कराया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत रविदास पार्क के सुंदरीकरण के लिए पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बच्चों के लिए झूले व खिलौने, प्ले ग्रुप का समान, डिजाइनर लाइट्स इत्यादि पर कार्य कराये जाना प्रस्तावित है। बैठक के दौरान यूपीपीसीएल के मैनेजर प्रवीण कुमार शर्मा, वीडीए के अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा व परियोजना वास्तुविद आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 10.09.2024

### वीडीए ने छह बीघा जीमन पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने सोमवार को वार्ड शिवपुर में 6 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। शिवपुर, के अंतर्गत खुशहाल नगर सेक्टर लालपुर मीरापुर बसही के अंतर्गत पनारू पटेल की तरफ से लगभग दो बीघा तथा अज्ञात द्वारा 4 बीघा अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी।

## आज–दि0 10.09.2024

### दशाश्वमेध प्लाजामें बची दूकान के मूल्य होंगे कम

**मण्डलायुक्त एवं विप्रा अध्यक्ष ने बैठक में दिया निर्देश**

दशाश्वमेध प्लाजा में ४२ लाख के खाली पड़े एक रेंस्टोरेंट और ३० दूकानो को आवटन के लिए विप्रा मूल्यों को संबोधित करेगी। इस विषय में सोमवार को मडलायुक्त एवं विप्रा अधयक्ष कौशल राज शर्मा ने विभाग के समीक्षा बैठक में कहीं। प्लाजा परिसर में लगी विद्युत के उंपकरण पर बिजली के बिल का भुगतान दूकान के आवटन वाले दकानदारों से होगा। प्लाजा में सफाई सुरक्षा कार्य के अलावा चितरंजन पार्क में उच्चकोटि शौचालय निर्माण कार्य के लिए डीएडीएफ फण्ड से खर्च करने का निर्देश विप्रा अधयक्ष ने दी। हलाकि उनहोंने कहा कि चितरंजन पार्क के विषय में सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति मिलने के बाद कार्ययोजना तैयार हो। विप्रा अधयक्ष ने निर्देश दिया कि प्लाजा में बची दकानों को अलोकप्रिय समपत्ति घोषित की जाय। प्लाजा में बचे शेष भाग को हरा भरा रखा जाय बैठक में अध्यक्ष के अलावा विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्रा, सम्पत्ति अधिकारी राजीव जयसवाल, डीएडीएफ के अधिकारी और समार्ट सिटी के अभियन्ता शामिल थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण की परिवर्तन टीम ने की कार्यवाही

वाराणसी। उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1, वार्ड-शिवपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 06 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की



कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड-शिवपुर, के अंतर्गत खुशहाल नगर सेक्टर, लालपुर मीरापुर बसही के अन्तर्गत पनारू पटेल द्वारा लगभग 02 बीघा तथा अज्ञात द्वारा लगभग 04 बीघा अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी व उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को आज प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। उक्त स्थल पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी। विकास प्राधिकरण सभागार में आज उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने नगवां स्थित संत रविदास पार्क के उच्चीकरण कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक की। यह कार्य प्रर्यटन विभाग तथा कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य की सुन्दरीकरण के लिए पार्क में म्यूजिकल आरडब्ल्यूएच, म्यूजिकल फाउन्डेशन का स्ट्रक्चर, प्ले ग्रुप का समान इत्यादि पर कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया, पार्क के पाथ-वे व अन्य कार्यों को संत रविदास जी के थिम पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया,- पार्क की उच्चीकरण के कार्य जारी रहने के उपरान्त पार्क को बन्द नहीं करने के लिए सचेत किया।

बैठक के दौरान यूपीपीसीएल के मैनेजर प्रवीण कुमार शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, वा.वि.प्रा. के अधीक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा, अभिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा व आर्किटेक्ट इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.09.2024

### मंडलायुक्त ने किया समीक्षा बैठक

वाराणसी। आज मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा दशाश्वमेध प्लाजा से संबंधित प्रकरण पर समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, प्रबंधक स्मार्ट सिटी, मैनेजर डीएडीएफ आदि लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मण्डलायुक्त वाराणसी द्वारा निर्देश दिए गए कि दशाश्वमेध प्लाजा के सार्वजनिक स्थल में लगी लाइट व अन्य उपकरण के लिए व्यय बिजली बिल को संबंधित आवंटियों से लिया जाए। साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था डीएडीएफ के फंड से की जाए। चितरंजन पार्क में संबंधित अनुभाग से अनुमति प्राप्त करते हुए आम जनमानस हेतु विश्वस्तरीय सुविधा वाला ज्ञमदृद्यदृह डीएडीएफ फंड से बनाया जाए। चितरंजन पार्क के शेष हिस्से पर पर्याप्त ग्रीनरी करायी जाए। डीएडीएफ के टॉप फ्लोर पर प्रस्तावित रेस्टोरेंट हेतु अनुमानित मूल्य 42 लाख को पुनः परीक्षण करके व्यवहारिक मूल्य पर आवंटन किया जाए। शेष 30 दुकान जो अभी तक आवंटित नहीं हो सकी हैं उनके मूल्यों का पुनः परीक्षण कर लिया जाए और अलोकप्रिय संपत्ति घोषित करते हुए उन्हें कम मूल्य पर नीलामी की कार्यवाही की जाए।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 10.09.2024

### रविदास पार्क में बनाया जाएगा सिंथेटिक ट्रैक युक्त पाथ–वे

**सुविधा**

**वीडीए उपाध्यक्ष ने समीक्षा बैठक में दी जानकारी**

वाराणसी। काशी में संत गुरु रविदास पार्क अब बेहतर बनेगा। सुविधाओं का जहां उच्चीकरण होगा,वहीं सिंथेटिक ट्रैक युक्त पथ-वे बनेगा और लोगों को विशेष सुविधा प्रदान की जायेगी। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को नगवां स्थित संत गुरु. रविदास पार्क के प्रस्तावित उच्चीकरण कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक की । इस दौरान उन्होंने परियोजना हेतु प्रस्तावित कार्यों को संत शिरोमणि रविदास के जीवनी एवं कार्यों पर आधारित थीम पर कराये जाने का निर्देश दिया। संत गुरु.रविदास पार्क में



सिंथेटिक ट्रैक्स युक्त पथ- वे के प्रस्तावित निर्माण के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान प्रर्यटन विभाग के वित्त पोषण से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल से कराये जाने वाले इस परियोजना को उच्चीकरण कराये जाने को कहा। जिसमे संत गुरु रविदास पार्क के सुन्दरीकरण के लिए पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चिल्ड्रेन प्ले एकविपमेंट, प्ले ग्रुप का समान, डिजाइनर लाइट्स इत्यादि पर कार्य कराये जाना प्रस्तावित है। उन्होंने पार्क के उच्चीकरण परियोजना के जारी रहने के समय प्रार्क को आमजनमानस के प्रयोग हेतु बन्द नहीं किये जाने ,सावधानी बरतने एवं सतर्कता रखे जाने के साथ हीं परियोजना कार्यों का जाने का निर्देश दिया । इस अवसर पर यूपीपीसीएल के मनेजर प्रवीण कुमार शर्मा,वीडीए के अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा,अधिशासी अभियंता आविंद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान यूपीपीसीएल के मैनेजर प्रवीण कुमार शर्मा, वा.वि.प्रा. के अधीक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा व परियोजना वास्तुविद आदि लोग उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 10.09.2024

### मण्डलायुक्त ने दशाश्वमेध प्लाजा से सम्बन्धित प्रकरण पर की समीक्षा बैठक

**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा सोमवार को दशाश्वमेध प्लाजा से संबंधित प्रकरण पर समीक्षा बैठक किया गया। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा, प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, प्रबंधक स्मार्ट सिटी मैनेजर डीएडीएफ आदि लोग उपस्थित रहे। बैठक में मण्डलायुक्त वाराणसी मंडल द्वारा निर्देश दिया गया कि दशाश्वमेध प्लाजा के सार्वजनिक स्थल में लगी लाइट व अन्य उपकरण के लिए व्यय बिजली बिल को संबंधित आवंण्टियों से लिया जाए। साफ-सफ़ाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था डीएडीएफ फण्ड से किया जाए। चितरंजन पार्क में संबंधित अनुभाग से अनुमति प्राप्त करते हुए आम जनमानस हेतु विश्व स्तरीय सुविधा वाला ट्वायलेट डीएडीएफ फण्ड से बनाया जाय। चितरंजन पार्क के शेष हिस्से पर पर्याप्त ग्रीनरी कराई जाए। डीएडीएफ के टॉप फ्लोर पर प्रस्तावित रेस्टोरेंट हेतु अनुमानित मूल्य 42 लाख को पुनः परीक्षण करके व्यावहारिक मूल्य पर आवंटित किया जाए।

शेष 30 दुकान जो अभी तक आवंटित नहीं हो सकी है उनके मूल्यों का पुनः परीक्षण कर लिया जाए और अलोकप्रिय संपत्ति घोषित करते हुए उन्हें कम मूल्यों पर नीलामी की कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 10.09.2024

### जेपी मेहता चौराहे पर बनने लगा डिवाइडर

**वरुणापुल से वीडीए की तरफ जाने वाले वाहन घूम रहे 90 डिग्री पर**

**VARANASI (9 Sept):** कचहरी के पास जेपी मेहता इंटर कालेज के सामने चौराहे से फुलवरिया फोर लेन की शुरुआत होती है. फुलवरिया फोरलेन के चालू होने से यातायात का दबाव कई गुना बढ़ गया है. जेपी मेहता चौराहे से आंबेडकर चौराहे तक करीब 250 फीट चौड़ी सड़क पर डिवाइडर की बहुत दिनों से जरूरत थी. अब वीडीए डिवाइडर बना रहा है. इसके लिए पहले दो ट्रायल हो चुके हैं.

यातायात को सुगम बनाने के लिए पहले चौराहे से आंबेडकर चौराहे तक गेलार्ड लगाकर टेप लगा दिया गया. दिनभर तो लोग जेपी मेहता चौराहे के बीच में लगे हाईमास्ट पोल से 90 डिग्री घूमकर कचहरी-भोजूबीर की तरफ जा रहे थे. दो-तीन रात में टेप व गेलार्ड टूट गया और लोग चौराहे के पहले से ही कचहरी की तरफ जाने लगे. फिर ईंट लगाकर आईलैंड बनाए गए. उसे तीन चार दिनों में बड़े वाहनों ने रौंद दिया. अब चौराहे से आंबेडकर चौराहे की तरफ डिवाइडर बनाना शुरू हो गया. इस वजह से सभी वाहन 90 डिग्री घूम कर कचहरी-भोजूबीर की तरफ जा रहे हैं. परिणामस्वरूप बड़े वाहन जब घूम रहे हैं तो पीछे कतार लग जा रही है. इस बीच सेंट्रल जेल की तरफ से आने वाले वाहन सामने हो रहे हैं. अब देखना है यह प्रयोग यातायात को कितना सुगम बनाता है.

न्यायाधीश–दि0 10.09.2024

## उपाध्यक्ष वीडीए ने की संत रविदास पार्क के उच्चीकरण कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में 9 सितम्बर को उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने नगवां स्थित संत रविदास पार्क के उच्चीकरण कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक की। यह कार्य पर्यटन विभाग तथा कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य की सुन्दरीकरण के लिए पार्क में म्यूजिकल आरडब्लूएच, म्यूजिकल फाउन्डेशन का स्ट्रक्चर, प्ले ग्रुप का समान इत्यादि पर कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया, पार्क के पाथ-वे व अन्य कार्यों को संत रविदास जी के थिम पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया, पार्क की उच्चीकरण के कार्य जारी रहने के उपरान्त पार्क को बन्द नहीं करने के लिए सचेत किया।बैठक के दौरान यूपीपीसीएल के मैनेजर प्रवीण कुमार शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, वा.वि.प्रा. के अधीक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा व आर्किटेक्ट इत्यादि लोग मौजूद रहे।


### बीएचयू में प्रशासनिक सुधार की नई पहल

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने अपनी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कई नई पहलें शुरू की हैं। इसी क्रम में, विश्वविद्यालय ने परिसर में मरम्मत, रखरखाव, बिजली, पानी, और निर्माण से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए डिजिटल प्रणाली स्थापित की है।

## दशाश्वमेध प्लाजा से संबंधित प्रकरण पर समीक्षा बैठक आयोजित

वाराणसी। मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा 9 सितम्बर को दशाश्वमेध प्लाजा से संबंधित प्रकरण पर समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल, प्रबंधक स्मार्ट सिटी, मैनेजर डीएडीएफ आदि लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मण्डलायुक्त वाराणसी द्वारा निर्देश दिए गए कि दशाश्वमेध प्लाजा के सार्वजनिक स्थल में लगी लाइट व अन्य उपकरण के लिए व्यय बिजली बिल को संबंधित आवंटियों से लिया जाए। साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था डीएडीएफ के फंड से की जाए। चितरंजन पार्क में संबंधित अनुभाग से अनुमति प्राप्त करते हुए आम जनमानस हेतु विश्वस्तरीय सुविधा वाला उदगत् डीएडीएफ फंड से बनाया जाए। चितरंजन पार्क के शेष हिस्से पर पर्याप्त ग्रीनरी करायी जाए। डीएडीएफ के टॉप फ्लोर पर प्रस्तावित रेस्टोरेंट हेतु अनुमानित मूल्य 42 लाख को पुनः परीक्षण करके व्यवहारिक मूल्य पर आवंटन किया जाए। शेष 30 दुकान जो अभी तक आवंटित नहीं हो सकी है उनके मूल्यों का पुनः परीक्षण कर लिया जाए और अलोकप्रिय संपत्ति घोषित करते हुए उन्हें कम मूल्य पर नीलामी की कार्यवाही की जाए।

## वीडीए ने की अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1, वार्ड-शिवपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 06 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-शिवपुर, के अंतर्गत खुशहाल नगर सेक्टर, लालपुर मीरापुर बसही के अन्तर्गत पनारू पटेल द्वारा लगभग 02 बीघा तथा अज्ञात द्वारा लगभग 04 बीघा अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी ।उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को 09/09/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया ।इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।